मुख्यालय

कर्मचारी राज्य बीमा निगम

Employees' State Insurance Corporation

पंचदीप भवन, नई दिल्ली -110002

संख्या: ई-13/12/14/2018-ज°स°   दिनाक: 07.07.2018

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

<u>ई एस आई सी अस्पताल, बिहटा, पटना का उद्घाटन</u>

श्री संतोष गंगवार, **माननीय श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**, **भारत सरकार** द्वारा आज दिनाक 07 जुलाई, 2018 को 100 बिस्तरों वाले ई एस आई सी अस्पताल, बिहटा, पटना का उद्घाटन किया गया । इस अवसर पर **श्री सुशील कुमार मोदी, माननीय उप मुख्यमंत्री, बिहार सरकार एवं श्री राम कृपाल यादव, माननीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री, भारत सरकार,** मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

श्री संतोष गंगवार, **माननीय श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**, **भारत सरकार** ने सम्बोधन में कहा कि 100 बिस्तरों वाला यह अस्पताल ई एस आई योजना के लाभार्थियों के लिए एक सुखद पहल है।भविष्य में, 100 बिस्तर वाले इस अस्पताल को बढ़ाकर 300 बिस्तर का किया जायेगा और इसमे मेडिकल कॉलेज शुरू किया जायेगा । इस अस्पताल द्वारा पटना, भोजपुर, बक्सर, वैशाली, अरवल, जहानाबाद इत्यादि इलाक़ो के ई एस आई योजना के बीमित व्यक्तियों व् उनके आश्रितों को उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाएँ प्रदान की जाएगी। इस अस्पताल मे आपातकालीन सेवाए, एक्स-रे, ओ पी डी, वार्ड, ऑपरेशन थिएटर एवं अन्य सुविधाए उपलब्ध होंगी। उन्होंने यह भी कहा कि श्रम मंत्रालय श्रम कानूनो को आसान बनाने के लिए काम कर रहा है । मंत्रालय असंगठित कामगारों को सामाजिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए कार्य कर रहा है । उन्होंने यह भी कहा कि फुलवारीशरीफ, पटना में भी 50 बिस्तरों वाले ई एस आई सी अस्पताल का निर्माण कार्य शुरू किया गया है जिसे बाद में बढाकर 100 बिस्तरों का किया जायेगा।

इस अवसर पर, **श्री सुशील कुमार मोदी, माननीय उप मुख्यमंत्री, बिहार सरकार** ने कहा कि यह अस्पताल 25 एकड़ क्षेत्र में बना है। इस अस्पताल को 300 बिस्तरो का बन जाने के बाद मेडिकल कॉलेज शुरू करने के लिए बिहार सरकार पूरा सहयोग देगी। उन्होंने बिहार सरकार द्वारा सामाजिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य लाभ के लिए शुरू होने विभिन्न प्रोजेक्ट के बारे में लोगो को जानकारी दी । उन्होंने बिहटा में 100 बिस्तर वाले ई एस आई सी अस्पताल के उद्घाटन के लिए श्री संतोष कुमार गंगवार, श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) का धन्यवाद दिया।

श्री राम कृपाल यादव, माननीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री, भारत सरकार ने कहा कि यह अस्पताल बिहटा एवं इसके आस पास के क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। श्री यादव ने भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओ एवं बिहटा क्षेत्र की विकास योजनाओ से भी अवगत कराया

श्री विजय कुमार सिन्हा, माननीय श्रम संसाधन मंत्री, बिहार सरकार एवं श्री मंगल पाण्डेय, माननीय स्वास्थ्य मंत्री, बिहार सरकार ने श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री, श्री संतोष कुमार गंगवार को धन्यवाद देते हुए कहा कि राज्य में ई एस आई सी योजना सही ढंग से लागु करवाने एवं ई एस आई डिस्पेंसरी खोलने में बिहार सरकार पूरा सहयोग देगी।

इस अवसर पर श्री भाई वीरेन्द्र, माननीय विधायक, मनेर एवं श्री दीपक कुमार, आई ए एस, मुख्य सचिव, बिहार सरकार ने भी संबोधित किया। श्री हीरा लाल समरिया, आई ए एस, सचिव, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार कार्यक्रम के शुरुआत में ही सभी गणमान्य अथितियो का स्वागत करते हुए अपने मंत्रालय का पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया ।

<u>भारत मे कर्मचारी राज्य बीमा योजना</u>

कर्मचारी राज्य बीमा निगम कर्मचारियों को रोजगार के दौरान लगी चोट, बीमारी, मृत्यु, निशक्तता आदि जैसे हालातो मे नगद हितलाभ तथा उचित चिकत्सा सुविधा जैसी व्यापक सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने वाला एक अग्रणी सामाजिक सुरक्षा संगठन हैं। क रा बी योजना उन कारखानों एवं प्रतिष्ठानों मे लागू हैं, जहाँ 10 या उससे अधिक व्यक्ति नियोजित हैं। उपयुक्त श्रेणियों के कारखानों एवं प्रतिष्ठानों के कर्मचारी जो रु 21,000/-

तक प्रतिमाह वेतन प्राप्त कर रहे हैं, वे क रा बी अधिनियम के अंतर्गत स्वास्थय बीमा व्यापति एवं अन्य हितलाभ पाने के हकदार हैं। पूरे देश मे 8.98 लाख कारखानों एवं प्रतिष्ठानों मे क रा बी योजना लागू हैं, जिससे कामगारो के लगभग 3.19 करोड़ परिवार एकको के हितलाभ मिल रहे हैं। परिणामस्वरूप क रा बी योजना के कुल लाभार्थियों की संख्या 12.40 करोड़ से अधिक हो गई है। सन 1952 मे अपनी शुरुआत से, क रा बी निगम अब तक 154 अस्पतालों, 1489/174 औषधालयों/आईएसएम एकको, 815 शाखा/भुगतान कार्यालयों एवं 63 क्षेत्रीय/उप क्षेत्रीय कार्यालयों की स्थापना कर चुका है।

इस सुअवसर पर श्रीमती आशा देवी, माननीया विधायक, दानापुर, श्रीमती मानती देवी, माननीया प्रखंड प्रमुख, बिहटा, श्री राज कुमार, महानिदेशक, आई ए एस, ई एस आई सी, श्री दीपक कुमार सिंह, आई ए एस, प्रधान सचिव, श्रम संसाधन विभाग, बिहार सरकार भी उपस्थित थे।